‘कृषि में अध्ययनरत् छात्राओं को प्रोत्साहन योजना’

चर्चा में क्यों?

22 नवंबर, 2022 को राजस्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कृषि क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये राज्य में ‘कृषि में अध्ययनरत् छात्राओं को प्रोत्साहन योजना’ चलाई जा रही है।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत अध्ययन के लिये कृषि को विषय के तौर पर चुनने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कृषि संकाय में 11वीं कक्षा से लेकर पीएचडी कर रही छात्राओं को 5 हज़ार से लेकर 15 हज़ार रुपए की राशि प्रतिवर्ष दी जा रही है।
- राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बालिकाएँ कृषि के क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों का अध्ययन करें और औपचारिक शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे न केवल उनके परिवार की आय में वृद्धि होगी, बल्कि वे राज्य और देश की समृद्धि में भी योगदान देंगी।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में कृषि के क्षेत्र में बुवाई से लेकर रोपण, जल निकासी, सिंचाई, उर्वरक, पौध संरक्षण,कटाई, खरपतवार हटाने और भंडारण तक के कार्यों में महिलाएँ अग्रणी भूमिका निभाती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/incentive-scheme-for-girl-students-studying-in-agriculture